# POLICE COMMISSIONERATE
# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 18.04.2025

### थाना कोरांव पुलिस द्वारा 6 घंटे के अंदर हत्या का प्रयास करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 कुल्हाड़ी व 01 बांस का डंडा

थाना कोरांव पुलिस द्वारा 6 घंटे के अंदर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-101/2025 धारा-191(2)/115(2)/109/131/352/351(2) बी0एन0एस0 के वांछित 02 अभियुक्त 1.अमरनाथ केशरी पुत्र स्व0 पन्ना लाल निवासी ग्राम महुली थाना कोरांव जनपद प्रयागराज 2.देवदास केशरी पुत्र कन्हैया लाल केशरी निवासी महुली थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को आज दिनांक-18.04.2025 को ग्राम महुली थाना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 कुल्हाड़ी व 01 बांस का डंडा बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अवगत कराना है कि वादी दिलीप केशरी पुत्र बावन दास केशरी निवासी ग्राम महुली थाना कोरांव जनपद प्रयागराज द्वारा आज दिनांक-18.04.2025 को थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि विपक्षीगणो द्वारा पानी बहाने की बात को लेकर वादी की भाभी शकुन्तला देवी, वादी, कमलेश केशरी तथा आशीष केशरी के ऊपर एक राय होकर जान से मारने की नीयत से लाठी डण्डे व धारदार हथियार से हमला कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया तथा धमकी देते हुए भाग गये। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-101/2025 धारा-191(2)/115(2)/109/131/352/351(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन कर तलाश की जा रही थी। जिसके क्रम में आज दिनांक-18.04.2025 को ही 6 घंटे के अंदर अभियुक्त अमरनाथ केशरी उपरोक्त व अभियुक्त देवदास केशरी उपरोक्त को घटना में प्रयुक्त 01 कुल्हाड़ी व 01 बांस के डंडे के साथ थाना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.अमरनाथ केशरी पुत्र स्व0 पन्ना लाल निवासी ग्राम महुली थाना कोरांव जनपद प्रयागराज।

2.देवदास केशरी पुत्र कन्हैया लाल केशरी निवासी महुली थाना कोरांव जनपद प्रयागराज।

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-101/2025 धारा-191(2)/115(2)/109/131/352/351(2) बी0एन0एस0 थाना कोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

घटना में प्रयुक्त 01 कुल्हाड़ी व 01 बांस का डंडा

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 अश्वनी यादव थाना कोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 सेवालाल थाना कोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 कपिलदेव यादव थाना कोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा वांछित बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-124/24 धारा-191(2)/191(3)/118(1)/103(1)/109 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित बाल अपचारी को आज दिनांक-18.04.2025 को थाना खीरी क्षेत्रान्तर्गत सिरिहर तिराहे के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक-04.07.2024 को वादी रमेश सिंह पुत्र देवराज सिंह निवासी ग्राम बहरैचा थाना खीरी जनपद प्रयागराज द्वारा लिखित तहरीर बावत दिनांक 03/04.04.2027 की रात्रि वादी के पुत्र को विपक्षी पड़ोसी के बाराती द्वारा बारात में हुडदंग को लेकर वादी के पुत्र द्वारा रोकने के दौरान चाकू से मारकर गम्भीर रुप से घायल कर देना तथा इलाज के लिए अस्पताल में ले जाते समय डाक्टरों द्वारा मृत्यु घोषित कर देने तथा विवाद को छुड़ाने के दौरान वादी व वादी के भाई के उपर विपक्षीगणों द्वारा जानलेवा हमला कर घायल कर देने के सम्बन्ध में दी गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर

मु0अ0सं0-124/24 धारा-191(2)/191(3)/118(1)/103(1)/109 बी0एन0एस0 बनाम 1.शुभम सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी डुहिया शुक्लपुरवाँ थाना मेजा जनपद प्रयागराज 2.4-5 लड़के नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1.लखन पुत्र अमर बहादुर 2.पवन पुत्र सूर्यनाथ सिंह निवासीगण डुहिया शुक्ल पुरवा थाना मेजा, जनपद प्रयागराज को दिनांक-04.07.2024 को तथा अभियुक्त मो0 समीम उर्फ ननका पुत्र मो0 सत्तार अली डुहिया शुक्ल पुरवा थाना मेजा, जनपद प्रयागराज को दिनांक-07.07.2024 को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। प्रकाश में आया बाल अपचारी उपरोक्त फरार चल रहा था। थाना खीरी पुलिस द्वारा तलाश के क्रम में आज दिनांक-18.04.2025 को थाना क्षेत्र खीरी से बाल अपचारी उपरोक्त को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त शुभम सिंह के द्वारा अपने पूछताछ में बताया गया था कि घटना में प्रयुक्त चाकू मैने बाल अपचारी उपरोक्त को दे दिया था। उक्त चाकू के बारे में पूछने पर बाल अपचारी उपरोक्त ने बताया कि उस दिन अचानक से घटना हुई और हम लोग मौके से भागने लगे, वहां से भागने के बाद इलाहाबाद जा रहा था। तभी रास्ते में इटवा कला गांव के पास लपरी नदी के पुल से नदी के बीच में उस चाकू को फेंक दिया था।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-124/24 धारा-191(2)/191(3)/118(1)/103(1)/109 बी0एन0एस0 थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. थानाध्यक्ष आशीष सिंह थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 धीरज सिंह थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 आकाश पाण्डेय थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 अंकित सिंह थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के

थाना फाफामऊ पर पंजीकृत मु0अ0सं0-89/2025 धारा-376/504/506 भा0द0सं0 व 67 आई0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मिथिलेश त्रिपाठी उर्फ संगम त्रिपाठी पुत्र स्व0 रामनरेश त्रिपाठी निवासी ग्राम चन्दापुर थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-18.04.2025 को थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत बेला कछार के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

मिथिलेश त्रिपाठी उर्फ संगम त्रिपाठी पुत्र स्व0 रामनरेश त्रिपाठी निवासी ग्राम चन्दापुर थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 38 वर्ष।

**सम्बंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-89/2025 धारा-376/504/506 भा0द0सं0 व 67 आई0टी0 एक्ट थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. व0उ0नि0 बृजेश चौरसिया, थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार, थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 समीर सिंह, थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 शैलेश कुमार, थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 दीपक पासवान, थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज।
6. का0 पंकज कुमार, थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सरायममरेज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-67/2025 धारा-115(2)/352/351(2)/109(1)/333 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त 1. राकेश दुबे पुत्र जमुना प्रसाद 2. रितिक दुबे उर्फ मोहित दुबे पुत्र राकेश दुबे निवासीगण जंघई बाजार थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायममरेज

पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-18.04.2025 को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत चम्पापुर भट्टा स्थित पुलिया के पास से घटना मे प्रयुक्त 01 लोहे की सरिया व 01 क्रिकेट बैट के साथ गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. राकेश दुबे पुत्र जमुना प्रसाद निवासी जंघई बाजार थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 57 वर्ष
2. रितिक दुबे उर्फ मोहित दुबे पुत्र राकेश दुबे निवासी जंघई बाजार थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-67/2025 धारा-115(2)/352/351(2)/109(1)/333 भा0न्या0सं0 थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

घटना मे प्रयुक्त 01 लोहे की सरिया व 01 क्रिकेट बैट

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 संजय कुमार मौर्य, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 उमकान्त, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. हे0का0 कमलेश कुमार यादव, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 मनोज यादव, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 मंजीत कुमार, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।